अमर उजाला 31/01/2026

महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद प्राचार्य रोहित दत्त, छात्र व शिक्षकगण। संवाद

अंबाला। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जीएमएन कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

छात्रों ने भजन, नाटक और निबंध प्रस्तुत कर बापू की शहादत को याद किया। एनएसएस इकाई के छात्रों ने सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महात्मा गांधी के जीवन व सिद्धांतों के बारे में बताया।

गांधी स्टडी सेंटर व म्यूजियम के अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी ने भी संबोधित किया। संवाद